हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 जनवरी 2024

04 गैस रिसाव के जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने पर...



07 2024: बदलते दौर में पारंपरिक और धार्मिक ...





### दो दिनों में कुत्ते काटने के 20 से अधिक पीड़ित पहुंचे अस्पताल, गोवंश को भी बना रहे निशाना

# नगर सहित ग्रामीण अंचल में आवारा कुत्तों का बढ़ा आतंक, नागरिकों में भय व्याप्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर सहित ग्रामीण अंचल में इन दोनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है। दो दिनों में तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से 20 से अधिक कुत्ते काटने से पीड़ित अपना उपचार करवाने स्थानीय सिविल अस्पताल पहुंचे हैं। कुत्ते काटने की सर्वाधिक घटना ग्राम गरेली में हुई है। सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ विजय यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल में सोमवार को 10 एवं मंगलवार को 10 केस कुत्ते के काटने के आए हैं जिनका उपचार किया गया है।

जानकारी के अनुसार दो दिनों में कुत्ते काटने के जो केस अस्पताल में पहुंचे है उनमें ग्राम गरेली के 07, ग्राम ग्राम कुशलपुरा का 01, ग्राम पनाला का 01, ग्राम पनाली का 01, ग्राम बिजनाखेड़ी का 01, ग्राम गाड़िया का 01, ग्राम दांतिया का 01, ग्राम गुजरखेड़ी के 02, ग्राम भीड़ोंन का 01, ग्राम गोठड़ा का 01, ग्राम रिंछि का 01, ग्राम फेंटी का 01 एवं ग्राम पढ़ाना का 01 केस है। बताया जा रहा है कि ग्राम गरेली में मंगलवार को ही कुत्तों द्वारा 06 महिलाओं व



लगभग 08 गोवंश को काटा गया है।

गौरतलब है की हरिभूमि द्वारा लगातार नगर सहित क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक के संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन कर जिम्मेदारों को संज्ञान में लाया जा रहा है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा आवारा कुत्तों की धरपकड़ नहीं किए जाने से अब उसके दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। जिसे ग्रामीणजन उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

### नगर में दिन के साथ रात का चैन छीन रहे

नगर में दिन तो दिन रात में भी इन आवारा कुत्तों का आतंक इतना बढ़ गया है। ये पूरी रात भौंकते है जिससे नागरिकों की रातों की नींद में भी खलल पैदा हो रहा है। नगर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। नगर में 10 से 15 की संख्या में घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड के बारे में समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों को जनहित से जुड़े इस मामले को संज्ञान में लाने के बावजूद नगर परिषद द्वारा इन आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए सघन अभियान प्रारंभ नहीं किया गया। नगर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचल में भी आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है। जिसके परिणाम सामने दिखाई देने लगे है। दो दिनों में इतनी बड़ी संख्या में कुत्तों के काटने की घटना के बाद नगर में भी महिलाओं व बच्चों में भय व्याप्त है।

ज्ञात रहे की कुछ दिन पूर्व ही नगर में आवारा कुत्तों ने सरदार पटेल चौराहे पर वेयरहाउस के सामने मुख्य सड़क पर गाय के एक बछड़े को बुरी तरह काट कर घायल कर दिया था। जिसकी मौत हो चुकी है। इस घटना के बाद अभी भी यहां आवारा कुत्ते गाय व उनके बछड़ों पर भी झूम रहे है। नगर में जिस प्रकार से आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है वह चिंता का विषय है। इन कुत्तों के झुंड के सड़क पर घूमने से भय व्याप्त हो रहा है। ये कुत्ते किसी भी दिन कोई बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते हैं। जिला प्रशासन व स्थानीय नगर परिषद द्वारा तत्काल आवारा कुत्तों को पकड़ने व इनकी रोकथाम के लिए कदम उठाना चाहिए जिससे नागरिकों में व्याप्त भय समाप्त हो सके।

**इनका कहना है...**

सोमवार व मंगलवार को विभिन्न ग्रामों से कुत्ते के काटने के 20 केस सिविल अस्पताल में आए हैं जिनका उपचार किया गया है।

डॉ विजय यादव, बीएमओ, नलखेड़ा

# ड्राइवरों की हड़ताल के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

केंद्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना के मामले में वाहन चालक पर सजा और जुर्माने के नए कानून के खिलाफ जगह-जगह ड्राइवरो द्वारा हड़ताल की जा रही है। इसी तारतम्य में आगर जिले से चलने वाली यात्री बसें जो कानड़ होकर भोपाल, सीहोर, कालापिपल, शुजालपुर, शाजापुर आदि स्थानों के लिए चलती है वह गत दो दिनों से ड्राइवरों की हड़ताल के चलते बंद हो जाने के कारण कई यात्रियों के सामने अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचने में परेशानी का कारण बन चुकी है। जिन लोगों के पास स्वयं के साधन हैं वह तो अपने कार्यों के लिए अपने साधनों से गंतव्य तक पहुंच रहे हैं लेकिन जो आम लोग हैं जिनके पास अपना यातायात का कोई साधन है ऐसे में उन लोगों के सामने यह समस्या बड़ी विकराल साबित हो रही है। कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण अंचल के यात्रियों को पता नहीं है कि हड़ताल क्यों हो रही है। ऐसे में वह लोग बस स्टैंड पर आकर बस नहीं मिलने से निराश हो कर अपने गांव कस्बे में लौट जाते हैं। अब सवाल यह है कि जिन्हें कोई आवश्यक कार्य है या कोई बीमार है तो वह कैसे अपने गंतव्य तक पहुंचेगा। बसों से जुड़े एजेंट, कंडक्टर भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।



# तापमान में गिरावट से फसलों में पाला पड़ने की संभावना, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



साल 2024 की शुरूआत मोसम में बदलाव और तापमान में गिरावट के साथ हुई जो कि दूसरे दिन मंगलवार को भी यथावत रही। मंगलवार की सुबह कड़ाके की ठंड से हुई और सूर्य देवता भी बदलों में दिन भर छुपे रहे जिससे पूरा दिन ठिठुरन भरा रहा। मौसम में बदलाव और शीत लहर के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है मौसम आई गिरावट से फसलों पर पाला पड़ने की संभावना अधिक हो गई है। कृषि के जानकारों ने ऐसे मौसम को फसल के लिए खतरा बताया है उन्होने बताया कि पाले की वजह से पौधों के अंदर का पानी जम जाने से पौधों की कोशिकाएं फट जाती हैं और पत्तियां झुलस जाती हैं। ऐसे में फसल में फल और फूल नहीं लगते और उपज बुरी तरह प्रभावित होती है। इस समय जो फसल बहार पर है उसमें भी ठंड और बर्फिली हवाओ से नुकसान होने का अंदेशा लग रहा है। इस समय नगर व ग्रामीण अंचलों में रायड़ा, चना, आलू, गेहूं और धनिया मुख्य फसलें है जो खेतों में लहरा रही है। लेकिन अधिक ठंड गिरने पर अधिक नुकसान भी इन्ही फसलों में उठाना पड़ता है।

# जनसुनवाई में बैटरी चलित ट्रायसिकल की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

### 24 आवेदनों की अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई की



संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आवेदक मुकेश गवली ने बैटरी चलित ट्रायसिकल प्रदान करवाने आवेदन देकर बताया कि दोनों पैरो से दिव्यांगता के कारण चलने-फिरना नहीं हो पाता है, बैटरी चलित ट्रायसिकल प्रदान करवा दी जाए। जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने-जाने के साथ ही स्वयं का कोई कार्य प्रारंभ कर अजीविका चला सकूं। अपर कलेक्टर वर्मा ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आवेदक देवीसिंह निवासी बईगांव ने उसकी बहन के स्वामित्व के मकान के सामने आने-जाने के एक मात्र रास्ते को अनावेदक द्वारा बंद करने पर खुलवाने, जितेन्द्र निवासी खेलागांव ने उसके पुत्र की नलखेड़ा के एक अशासकीय स्कूल से टीसी प्रदान करवाने, जावेद निवासी आगर ने कृषि भूमि बंटवारे का ऑनलाईन रिकार्ड उपलब्ध करवाने, कविता सेन निवासी आयोध्या बस्ती ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, सुगनबाई ने कम सुनाई देने पर (कान की मशीन दिलवाने सहित 24 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें निराकरण योग्य आवेदनों का अपर कलेक्टर वर्मा द्वारा अधिकारियों से मौके पर ही निराकरण करवाया गया तथा शेष आवेदन संबंधित विभाग के अधिकारी को निराकरण के लिए सौंपे गए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर किरण बरवड़े व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**नीमा ग्राउंड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा**

# मानव के लिए गृहस्थ आश्रम तपस्या के समान है : पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



गृहस्थ आश्रम मानव के लिए एक तपस्या के समान है, जहां रहकर उसे सबसे कठिन तप कर अपने जीवन को पार लगाना होता है। यहीं वह समय है, जब कर्म के रास्ते पर चलने के बजाय मानव को भटकाव अधिक आता है। उक्त उद्गार स्थानीय नीमा ग्राउंड पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा वाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने उपस्थित भक्त जनों के समक्ष व्यक्त किया। पंडित चतुर्वेदी ने कहा कि ईश्वर की आराधना करते समय इंसान का मन सादगीपूर्ण होना जरूरी है। जो इंसान सद् कर्म करते हुए ईश्वर की सच्चे मन से तपस्या करता है ईश्वर की नजर में वहां भक्त तपस्वी हो जाता है। उन्होंने कहाकि भक्ति का नशा अनुपम होता है जब ईश्वर के प्रति प्रगाढ़ प्रेम जब उमड़ता है, तो आत्मा में एक अलग ही आनंद की अनुभूति होती है। मानव जीवन मिलना दुर्लभ है जीवन का सदुपयोग प्रभु की भक्ति, सत्संग एवं अपने उत्थान व आत्म कल्याण के लिए करना चाहिए तभी हमारा जीवन जीना सार्थक है। कथा के विश्राम पर यजमानों द्वारा सपत्नीक भागवत माता की आरती की तत्पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसादी का वितरण किया।

# मांस, मछली कारोबारी खुले में व बिना वैध अनुमति विक्रय न करें

**आगर-मालवा।** राज्य शासन के निर्णय तथा जारी निर्देशानुसार जिले के समस्त मांस, मछली विक्रेताओं खुले में एवं बिना वैध अनुमति के मांस, मछली का विक्रय नहीं करें। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुम्भकार ने सभी मांस, मछली विक्रेताओं से अपील की है कि अंडा, मांस, मछली का विक्रय खुले में एवं बिना अनुमति (स्थानीय निकाय- ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत तथा शहरी क्षेत्र में नगर पालिका परिषद से अनापत्ति प्रमाण पत्र) और खाद्य लाइसेंस (वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से अधिक )/खाद्य पंजीयन (वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से कम ) के नहीं करें, ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत तथा शहरी क्षेत्र में नगर पालिका परिषद द्वारा निर्धारित स्थान पर ही अंडा, मांस, मछली की दुकान का संचालन करे। आमजन को होने वाली परेशानी से बचने के लिए रहायशी इलाके, धार्मिक स्थल के 100 मीटर से

### प्रशासन की निर्धारित शर्तों का पालन करें

कम दूरी, रोड के किनारे इधर-उधर की बजाय निर्धारित स्थान मीट मटन मार्केट पर ही विक्रय करें। कटे हुए मीट, मटन, मांस, मछली आदि को अपारदर्शी कांच से ढंककर केबिन में रखें, खाद्य लाइसेंस एवं फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड बनवाकर दुकान परिसर में अवश्य लगाएं, स्लॉटरिंग करने के लिए निर्धारित लाइसेंस एवं खाद्य सुरक्षा ( खाद्य कारोबार और लाइसेंस) विनियम 2011 की अनुसूची 4 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। स्लॉटरिंग के पश्चात बचे वेस्ट मैटेरियल (पंख, खुर, सींग, गोबर, ब्लड, हड्डी आदि) का उचित संग्रहण ढक्कन वाले डस्टबिन में करे और निकाय द्वारा निर्धारित स्थल पर ही निष्पादन करें, स्थानीय निकाय के सहयोग से मटन, मछली, मुर्गी, अंडे, के मार्केट के लिए उचित स्थान, वेटनरी डॉक्टर की नियुक्ति, प्रकाश, नली, पानी, साफ सफाई की व्यवस्था के लिए अनुरोध कर व्यवस्था करवा सकते है। स्वास्थ्य, निरोगी एवं अनुमत प्रकार के ही पशु, मुर्गी, मछली का ही विक्रय करें। गर्भावस्था, बीमार, गैर अनुमत जानवर का संग्रहण एवं वध, अपराध है। आवश्यकता अनुसार खाद्य लाइसेंस, अनुमति, अनापत्ति प्रमाण पत्र में परिवर्तन सुधार करवा सकते हैं। खाद्य पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेजों में दुकान मालिक/संचालक का आधार, पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, परिसर प्रुफ के रूप में बिजली बिल/किरायानामा, मोबाईल नम्बर, ई-मेल आईडी, नगर पालिका ग्राम पंचायत की एनओसी आवश्यक है।

# हनुमान अष्टमी पर बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड प्रतियोगिता के साथ होगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

### 6 स्थानों की सुंदरकांड मंडली लेंगी भाग



हनुमान अष्टमी पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। नगर में स्थित पांडव कालीन चमत्कारी श्री बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी के अवसर पर 4 जनवरी को सुंदरकांड प्रतियोगिता के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा। हनुमान मंदिर भक्त मंडल द्वारा आयोजित उक्त आयोजन सायं 4 बजे प्रारम्भ होगा। सुंदरकांड प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों की सुंदरकांड मंडली भाग लेकर प्रस्तुति देंगी।

प्रतियोगिता में श्री सोमेश्वर सुंदरकांड मंडल सुनेरा, श्री खेड़ापति सुंदरकांड मंडल देहरिया,श्री बालाजी सुंदरकांड मंडल खाताखेड़ी, श्री संकटमोचन सुंदरकांड मंडल लसुलड़यि केलवा, श्री बजरंग सुंदरकांड मंडल कोहडिया,श्री बालाजी सुंदरकांड मंडल धनोरा भाग लेंगे। मां बगलामुखी मंदिर परिसर में स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा जिसके पाश्चयात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री पायगा वाला हनुमान मंदिर, श्री संकट मोचक हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती आदि धार्मिक आयोजन होंगे। हनुमान अष्टमी पर नगर के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जी का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसी के साथ मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाएगी।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा : प्रतिदिन भक्तों की टोलियां निकाल रहीं प्रभातफेरी

# ब्रह्म मुहूर्त में राम नाम से गूंज रहा नगर का अंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





अयोध्या में सैकड़ों वर्षों के संघर्ष व प्रतीक्षा के बाद आने वाली 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में निकल रही प्रभातफेरियों से नगर का अंबर राम नाम से गूंज रहा है। नगर में प्रतिदिन निकल रही प्रभातफेरियों में शामिल हो रहे सैकड़ो राम भक्तों से यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आम भक्तों में कितना उत्साह है। नगर में प्रतिदिन जहां एक सामूहिक प्रभातफेरी तो निकल ही रही है जिसमे सैकड़ो भक्त रामधुन गाते हुवे झांझ, मजीरे, ढोलक बजाते चल रहे हैं। वहीं प्रतिदिन अलग अलग मोहल्लों में भक्तों की टोलियां अलग अलग प्रभातफेरी निकाल रही हैं।

इसी प्रकार महिलाओं में भी अयोध्या में भगवान राम के आने को लेकर अपार उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं भी प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 6 बजे से अलग अलग टोलियां बनाकर अलग अलग प्रभातफेरी निकाल रही है जिसमें वे रामधुन के साथ ही भजन गाते चल रही है। ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 6 से 7 बजे तक नगर का वातावरण पूरी तरह राममय दिखाई देता है। जिधर जाओ उधर भक्तों की टोलियां इस कड़कड़ाती ठंड में रामधुन गाते मिल रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि लगभग एक घंटे नलखेड़ा का अम्बर रामनाम से गूंज रहा है। नगर में ऐसा वातावरण राम मंदिर आंदोलन के दौरान दिखाई दिया था तब एक नारा घर घर गूंज रहा था कि राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। आज जब भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है और उसमें रामलला विराजमान हो रहे हैं। तो नगर का वातावरण उस समय के वातावरण से कई गुना अधिक प्रफुल्लित दिखाई दे रहा है।

### अक्षत वितरण कार्य प्रारंभ

अयोध्या में होने वाली भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होने के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर पीले चावल देकर निमंत्रित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। महिलाएं भी बढ़ चढ़ भाग ले रही हैं।

**खबर संक्षेप**

## डॉ. स्मिता दुबे एडीएमपी अध्यक्ष निर्वाचित



देवास। एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर के मीडिया प्रभारी डॉ. आर.एस. दुबे ने बताया कि एसोसिएशन के वर्ष 2024 का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वानुमति से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता दुबे को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। डॉ. दुबे के अध्यक्ष बनने पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. संध्या खरे, सचिव डॉ. अपर्णा करकरे, डॉ. इंद्रजीत अरोरा, डॉ. नीरज खरे, डॉ. अजय करकरे, डॉ. आर.एस. दुबे, डॉ. के.सी. कोठारी, डॉ. आर.एल.वर्मा, डॉ. एन.पी. दुबे, डॉ. दिलीप जोशी, डॉ. नितिन मुंगी, डॉ. अवतार सलूजा, डॉ. पूनम भाटिया, डॉ. के.के. धूत, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. देवेन्द्र राठौर, डॉ. महिमा शर्मा आदि चिकित्सकों ने बधाई प्रेषित की।

## प्रतियोगिता में सेन थॉम एकेडमी को पदक




देवास। भोपाल रोड स्थित सेन थॉम एकेडमी की छात्रा तनिष्का बेस को औरंगाबाद में आयोजित 14 वी राष्ट्रीय सीनियर सॉफ्टबॉल फेडरेशन कप मे मध्य प्रदेश टीम की ओर से खेलते हुए कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य सहित विद्यालय स्टॉफ ने छात्रा तनिष्का बेस एवं प्रशिक्षक राजीव श्रीवास्तव को बधाई प्रेषित की।

### जनसुनवाई में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# गैस रिसाव के जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होने पर शिवसेना ने की शिकायत

हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में लोग अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपने आवेदन कलेक्टर गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत किए। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम बिहारी सिंह सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होः शिवसेना

इटावा क्षेत्र के महादेव नगर में करीब एक माह पूर्व गेल गैस काण्ड हुआ था, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। उक्त मामले के एक माह बाद भी पुलिस अब तक दोषियों पर कार्यवाही नही कर पाई है। दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही को लेकर मृतक के परिजन एवं शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष आवेदन लेकर पहुंचे। यह पहला मामला सामने आया है, जिसमें कलेक्टर ने जांच में दोषी माना और पुलिस अब तक दोषी तक नही पहुंच पाई है। यहां तक की सिविल लाइन थाने प्रभारी अजय चानना ने भी इस प्रकरण में गंभीरता नहीं दिखाई। जबकि यह जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की थी। जिस दिन ब्लास्ट हुआ था उस दिन से लेकर पुलिस का रवैय्या परिवार के पक्ष में नहीं है। वह कंपनी का सहयोग करती नजर आ रही है। पुलिस की लापरवाही के कारण पीड़ित परिवार को भटकना पड़ रहा है, लेकिन कलेक्टर ने इस मामले में सख्त रवैय्या अपनाया है। इटावा के महादेव नगर में चेंबर के अंदर हुए ब्लास्ट सागर नमक युवक की मौत हो गई थी, जिसकी जांच कलेक्टर ने तत्परता से कराते हुए गेल गैस कम्पनी को दोषी मानते हुए मृतक को मुआवजा देकर दोषी पर कार्यवाही के आदेश दिए थे, लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी सिविल लाइन पुलिस अब तक गेल गैस कम्पनी के जिम्मेदार आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है। शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने बताया कि जनसुनवाई में पीड़ितों की बात सुनने के पश्चात कलेक्टर ने तत्काल मौके पर एसडीएम बिहारी सिंह से एफआईआर हो रही देरी पर बात की। तत्पश्चात कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय से फोन पर चर्चा कर कहा कि पीड़ित परिवार की सहायता कर तत्काल दोषियों पर कार्यवाही करे। जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके।

### घटिया सीसी रोड निर्माण की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से की


जिले की जनपद पंचायत बागली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अरलावदा में सीसी रोड के घटिया निर्माण की शिकायत को लेकर ग्रामीणजन मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पहुंचे। शिवसेना नेता विरेन्द्र जाट (पंच) ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा श्मशान घाट के पास सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी लागत 2.50 लाख से अधिक है। ठेकेदार द्वारा नियम व शर्तों को ताक पर रखकर घटिया किस्म का कार्य किया जा रहा है। यदि समय रहते हुए सडक़ निर्माण कार्य की गुणवत्ता नही सुधारी गई तो चंद दिनों में सडक़ खुद जाएगी। जिससें ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने कलेक्टर से चर्चा कर बताया कि ठेकेदार द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है। वह बहुत ही गुणवत्ताहीन है। जिसकी जांच कराई जाकर दोषी पर कार्रवाई की जाना चाहिए। शिकायत पश्चात कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा। इस दौरान निलेश जोशी, अंकित चौहान, शंभु चौहान आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### रोड-पुलिया के निर्माण के लिए दिए आदेश

जनसुनवाई में ग्राम सन्नौड़ जिला देवास ने ग्राम सेमलिया से बरोठा-पटाड़ी रोड निर्माण पर पुलिया निर्माण करने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

# विद्युत मंडल की तानाशाही से परेशान हैं ग्रामीण

**कार्यालय के सामने दिया धरना**



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विद्युत मंडल कमलापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पोलाय के गाव बामन खेड़ी के ग्रामीणों को परेशान होकर विद्युत मंडल कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने मजबूर होना पड़ा। मंडल कि हिटलर शाही व अनदेखी के कारण ग्रामीणों को कदम उठाना पड़ा है। मंगलवार के दिन ग्राम बामन खेड़ी के युवा व ग्रामीण जन कमलापुर विद्युत मंडल कार्यालय के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया। धर्मेंद्र सेंधव ने बताया कि विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण गांव बामनखेड़ी मे विद्युत व्यवस्था बदहाल है ,बिजली के तार नीचे झूल रहे हैं, केबल खराब हो रही है, जिन्हें सुधारने एवं खराब केवल बदलने के लिए लगातार विगत कई माह से लिखित में एवं मौखिक तौर पर विद्युत मंडल के अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है व मांग की जा रही है, लेकिन विद्युत मंडल के कर्मचारियों ने आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। वहीं मंगलवार के दिन भी युवा व ग्रामीणों ने धरना दिया। लेकिन धरने के दौरान भी विद्युत मंडल काकोई भी जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीणों से नहीं मिला है ना ही ज्ञापन लिया। बामन खेड़ी के ग्रामीणों ने बताया है कि विद्युत मंडल के कर्मचारियों की हिटलर शाही के कारण कभी भी बड़ा हादसा गांव में हो सकता है। हादसा होने के बाद उसके जिम्मेदारी कौन लेगा। ग्रामीणों ने बताया है कि जब तक सुपरवाइजर आ कर ज्ञापन नहीं लेगा तब तक धरना जारी रहेगा।कमलापुर विद्युत मंडल कार्यालय पर पदस्थ कर्मचारियों व अधिकारी की हिटलर शाही के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। नेताओं के हस्तक्षेप के बाद भी यहां की समस्या का समाधान नहीं हुआ। बिजली वितरण हो या अन्य बिजली विभाग के संबंधित काम हो, ग्रामीणों को परेशानियों का ही सामना करना पड़ता है। लंबे समय से यहां पर पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी अपनी मनमानी को लेकर हमेशा चर्चा में रहे हैं। हालांकि इन पर वरिष्ठ अधिकारियों का भी नियंत्रण नहीं है।

**केबल बदली जा रही है**

गांव में बिजली केबल को लेकर ग्रामीणों की समस्या है, कुछ जगह की केबल बदली जा रही है एवं जो मेंन केबल है वह नए प्रोजेक्ट में बदल दी जाएगी।
**विनित ठाकुर,** डीई विघुत मंडल बागली

## मुंबई से पैदल अयोध्या जा रही शबनम पहुंची देवास



देवास। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इस मौके पर देशभर से भक्त वहां पहुंच रहे हैं। मुंबई की शबनम भी रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या निकली हैं। वे मंगलवार को देवास पहुंचीं। यहां हिंदू संगठनों ने भगवा पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। शबनम ने हिजाब पहन रखा है, उनके माथे पर लाल तिलक लगा है। बैग पर पवनपुत्र का ध्वज है। शबनम ने कहा, न पैसा लगेगा, न खर्चा लगेगा...एक बार जय श्री राम बोलकर देखो, अच्छा लगेगा। शबनम ने कहा कि बचपन से मैं रामजी के बारे में सुनती आ रही हूं। रामायण देखी है, महाभारत देखी है। रामलीला देखी है। रामजी के बारे में जानने के लिए काफी उत्सुकता है। मैं अक्सर मथुरा जाती हूं। वहां बहुत सुकून मिलता है। आप तो यह मान लीजिए कि मुंबई मेरा पहला घर है तो मथुरा दूसरा। शबनम के दोस्त रमनराज शर्मा और विनीत पांडे कहते हैं- सफर को 13 दिन हो चुके हैं। हमने तो सोचा भी नहीं था कि हमें इतना प्यार मिलेगा। रामजी का नाम लेकर निकले थे, अब तक 600 किमी चल चुके हैं।

# जिम टेम्परेचर पर हुआ बॉडी बिल्डरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




श्रीमंत ट्रॉफी मिस्टर देवास व मिस्टर एमपी में देवास के बॉडी बिल्डरों (खिलाड़ियों)ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। जिसमे युवराज बना चैंपियन ऑफ चैंपियन मिस्टर देवास,अमित दरबार बेस्ट पोज़र ,मनीष भाटी बेस्ट मस्कुलर मैन बने थे,सुयश जाट को बेस्ट इम्प्रूव बॉडी का खिताब मिला था। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिम टेम्परेचर पर खिलाड़ियों और पदाधिकारियों का स्वागत कर सम्मान किया गया। जिसमे देवास जिला बॉडी बिल्डिंग एसो. के अध्यक्ष रेहान शेख, सचिव मनदीप पवार, कोषाध्यक्ष रोहन वर्मा, चेयरमैन जितेंद्र सिंह पंवार, अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी (बॉडी बिल्डर) टीना राठौर, अकबर शेख (अज्जू), चंद्रपाल सिंह सोलंकी (छोटू)मीडिया प्रभारी चेतन राठौड़, खुमान सिंह बैस, खालिक शेख (चाचा), वीरेंद्रसिंह ठाकुर, चेयरमैन जितेंद्र सिंह पंवार, सम्राट सोनी, अंकित दुबे, जीशान शेख, प्रमोद चौहान, निखिल ठाकूर, कुलदीप ठाकुर,चेतन भन्नारे, शाबाज़ खान, अभिजीत सिंह बैस,मुर्तज़ा सैफ़ी,साहिल शेख, पुष्पेन्द्र ठाकुर,मलिक शेख, सईद खान आजम अब्बासी, अरकान मोहम्मद सहित विजेता बॉडी बिल्डरों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया गया।

# सखी मंडल ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सेवानिवृत्ति के बाद भी विद्यार्थी यही कहकर परिचय कराता है कि ये मेरे शिक्षक हैं। जबकि सेवानिवृत्ति के बाद अधिकारी के लिए कहा जाता है कि ये हमारे अधिकारी थे। एक अधिकारी भूतकाल हो जाता है किंतु एक शिक्षक सदैव वर्तमान काल रहता है। एक शिक्षक के लिए सेवानिवृत्ति कर्म मार्ग का एक पड़ाव मात्र है। यह यात्रा का अंत नहीं है। सेवानिवृत्ति के पश्चात एक शिक्षक का कार्यक्षेत्र और अधिक विस्तृत हो जाता है।

जय हिन्द सखी मंडल द्वारा महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में आयोजित विकासखंड स्तरीय सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त उद्गार प्रकट करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एच.एल.खुशाल ने कहा कि आपके निवास के आसपास यदि कोई शाला त्यागी बच्चा हो तो उसे किसी शाला में प्रवेश दिलाकर आप महान पुण्य के भागीदार बन सकते हैं। इस अवसर पर सर्वशिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि आपकी पीढ़ी ने सबसे अधिक परिवर्तन देखे हैं। पीपल के ओटले से शुरू हुआ शिक्षा का सफर अब स्मार्ट क्लास तक पहुंच चुका है। आप लोगों ने शिक्षकीय जीवन की शुरूआत में जूते चप्पल हाथ में लेकर कई किलोमीटर का कीचड़ पार करके गांव में जाकर शिक्षा की अलख जगाई है। सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी ने कहा कि यहां हमारे देश की संस्कृति की एक बहुत बड़ी झलक देखने को मिल रही है कि सखी मंडल की वे छात्राएं आज आपका सम्मान कर रही हैं जिन्होंने आपको कभी देखा नही है। अतिथि स्वागत प्रधान अध्यापिका वृंदा शर्मा, रोशनी कुमावत और स्नेहा ठाकुर ने किया। दीप मंत्र तनु परमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की भूमिका तनुश्री विश्वकर्मा ने प्रस्तुत की । संचालन शबाना शाह ने किया। आभार रोशनी कुमावत ने माना।

इस अवसर पर रविन्द्र वर्मा, रूपचंद यादव, इमदाद शेख, अजय धारीवाल, प्रवीण कुशवाह, जयंत लोधी, विनय मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विक्रम पटेल, सुरेश वर्मा, नानूराम वर्मा, जगदीशचंद्र जायसवाल, कुमेरसिंह डोडिया, अनिल नागर, भूषण कर्णिक, ताराचंद पाटीदार, रूखसाना सिद्दिकी, अलकनंदा पांडे, उर्मिला शुक्ला, राधा श्रीवास्तव, पूर्णिमा गुप्ते, प्रवीण कुमार खोचे सहित 19 सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया।

# वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर के गुराडिया कला फाटे पर संचालित मां उमिया विद्या निकेतन हाई सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहां पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान प्रदर्शनी भी लगाई गई। मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच हीरा जाट, पुर्व जनपद सदस्य धनश्याम पाटीदार,दुलेसिहं दरबार, रामेश्वर पाटीदार, इकलेरा सरपंच चंपालाल पाटीदार,कैलाश पाटीदार ,इंद्रमल गोठी, एडवोकेट महेंद्र पाटीदार सहित वरिष्ठजन की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान सभी क्लास के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने अलग-अलग विज्ञान मॉडल बनाएं, जिसमें बोरिंग करने वाली हॉलैंड मशीन, हार्वेस्टर मशीन एवं चापड़ा स्मार्ट सिटी मॉडल सहित कहीं प्रकार के मॉडल यहां पर बच्चों द्वारा अपनी स्वयं की मेहनत और जुगाड़ के संसाधनों से बनाए गए ।इस दौरान सभी अतिथियों द्वारा सभी मॉडलों का अवलोकन किया गया। छोटे-छोटे नन्हे बच्चों द्वारा मंच पर प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया एवं आभार राकेश गोस्वामी ने व्यक्त किया।

### अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर देवास, बागली और चापड़ा में निकली भव्य अक्षत कलश यात्रा

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सम्पूर्ण जिले में घर-घर जाकर किया आमंत्रित







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगवान श्री राम मंदिर नगरी अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को शंकरगढ़ बस्ती में नगर भ्रमण कराया गया। विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ प्रवासी समुदाय के जिला संयोजक भगवान सिंह कछावा अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर शंकरगढ़ में रहने वाले राम भक्तों के बीच पहुंचे। शंकरगढ़ बस्ती में अक्षत कलश को सिर पर धारण कर नगर भ्रमण करवाया गया। यात्रा में महिलाएं केसरिया साडी पहनकर माथे पर कलश और अक्षत लेकर जय श्री राम का जयघोष करते हुए चल रही थीं। बस्ती वासियों ने अनेक स्थानों पर अक्षत कलश की पूजा-अर्चना की। यात्रा का समापन कैलाश कुटिया स्थित हनुमान मंदिर पर आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुई। तत्पश्चात अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत का शंकरगढ़ में घर-घर वितरण करते हुए प्राण-प्रतिष्ठा का न्यौता दिया। साथ ही 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीप जलाने एवं पास के मंदिर में जाकर पूजा करने की अपील की। इस अवसर पर वार्ड 44 के पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल, अरूण लोधवाल, गोरेलाल कछावा, दिनेश सोलंकी, गोपी गरासिया, लक्ष्मण बनवाडिया, हुकूम कछावा, विक्रम कछावा, मुकेश राठौर, अशोक राठौर, अशोक बनवाडिय़ा, सुनील कछावा सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

### बागली क्षेत्र के बेहरी में निकली अक्षत कलश यात्रा

अयोध्या में वर्षों बाद नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री राम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को होना हे। उससे पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व को लेकर तैयारियां की जा रही है। अयोध्या से आए अक्षत का गांव-गांव में वितरण किया जा रहा है। इसी के दौरान मंगलवार के दिन ग्राम बेहरी में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा बेहरी के खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसका पूरे नगर में भ्रमण करवाया गया। इस दौरान यात्रा में बागली विधायक मुरली भंवरा भी सामिल हुए। अपने सर पर कलश रखकर गांव में निकले। साथ ही गांव के ग्रामीण यात्रा में सम्मिलित हुए। पूरा गांव भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भगवामय हो गया। यात्रा में महिलाएं सर पर कलश रखकर चल रही थी, तो वही युवा हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। कलश गांव के राम मंदिरो में रखे जाएंगे। गांव के कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर सभी ग्रामीणों के घर-घर पहुंचकर उन्हें अयोध्या पहुंचकर रामलाल के दर्शन करने के लिए आमंत्रित करेंगे। साथ ही 22 जनवरी को अपने-अपने घरों पर ही प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने की अपील करेंगे। इस अक्षत कलश यात्रा में काफी उत्साह देखा गया जिसमें भगवान श्री राम परिवार की झांकी अलग-अलग वाहनों पर सजाई गई थी, जो भी कलश यात्रा में सम्मिलित हुई, इस दौरान गांव के सरपंच हुक्क्म बछानिया और अभी समाज के लोगो ने द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। अक्षत कलश यात्रा में भगवान श्री राम की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही।

### चापड़ा में निकली कलश यात्रा

चापडा के ग्राम कवडिया में भगवान श्री राम भक्तों ने अयोध्या धाम से आए अक्षत कलश की कवडिया से लेकर जुनेश्वर महादेव मंदिर तक बाजे एवं ढोल पटाखे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह सेंधव, प्रेम सिंह पटेल, बहादुर सिंह, बाबूलाल सिंह ,अरविंद सिंह सेंधव,अकेसिहं, अर्जुन सिंह, रायसिंह,मनोर सिंह, मानसिंह उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## नपा ने की नगर में मौजूद पेड़ों की छंटाई



**आष्टा।** नगर के हृदय स्थल बड़ा बाजार स्थित वर्षो पुराना विशालकाय पीपल का पेड़ है जिसकी शाखाएं काफी लंबी होने लगी जो लोगों के घरों में घुस रही थी। इस आशय की जानकारी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को मिलते ही आज नगरपालिका की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्वयं की मौजूदगी में नपा कर्मचारियों से पीपल के पेड़ की शाखाओं की छटती करवाई। इसी प्रकार नगर में जितने भी ऐसे पेड़ थे उनको चिन्हित कर सभी पेड़ों की शाखाओं को कटवाया गया। श्री मेवाड़ा ने कहा कि आए दिन देखने में आ रहा था कि पेड़ की लकड़ियां सूखकर नीचे रोड़ पर गिरती थी जिसके कारण राहगीरों को चोट लगने की संभावनाएं तो बनती ही थी, वहीं आवागमन भी बाधित होता था। इन सभी के चलते मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना से चर्चा कर नगर में मौजूद ऐसे सभी पेड़ों की छटाई कार्य का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, पार्षद रवि शर्मा, तेजपाल मुकाती, मनीष धारवां, पवन वर्मा आदि मौजूद थे।

## सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक हुई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा वाले विभागीय पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अधिकारी पूरी लगन, निष्ठा और मेहनत से अपने दायित्वों निर्वहन करें।

### नए साल का जश्न मनाकर किया स्वागत, मंदिरों में भी रही श्रद्धालुओं की भीड़

# 2024: बदलते दौर में पारंपरिक और धार्मिक तरीके से अंग्रेजी नए साल का किया स्वागत, मंदिरों में दर्शन करने लगी कतारें





अग्रेजी नववर्ष की शुरूआत सोमवार से हो गई। नए साल पर जहां रात भर पार्टी का दौर चला तो वही सुबह से भक्ति भाव का माहोल देखा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

खट्टी मीठी यादों के साथ 2023 बिदा हो गया अब नई उम्मीद के साथ 2024 शुरू हुआ। रात भर कोई होटल में तो किसी ने घर पर नए साल की अगवानी का जश्न मनाया। युवाओं से लेकर बच्चों में नए साल का उत्साह देखा गया ईधर पुलिस ने भी हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहनों की चेकिंग की ताकि नए साल के आगमन पर कोई वारदात ना हो।

### जमकर मनाया नए साल का जश्न

इधर नया साल का जश्न 31 दिसंबर को ही शुरू हो गया था शहर में रविवार को कई जगह नए साल का जश्न मनाया गया हालांकि नए नियमों के चलते ज्यादा तेज आवाज में ध्वनि विस्तार की



यंत्रों का उपयोग नहीं किया गया युवाओं ग्रुप में होटल रेस्टोरेंट पहुंचकर नए साल का जश्न मनाया लोगों ने परिवार सहित बाईपास, भोपाल इंदौर सहित अन्य मार्ग के होटल पर पहुंचकर जश्न मनाया तो किसी ने घर पर ही परिवार के साथ नए साल की अगवानी की। युवा अपने साथियों के साथ होटल में पहुंचे थे रात भर नए साल का जश्न मनता रहा।सुबह रही मंदिरों में लोगों की भीड़नए साल पर शहर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में सुबह 5 बजे से ही लोगों की भीड़ रही सबसे ज्यादा पार्वती नदी किनारे स्थित शंकर मंदिर में सुबह से ही नए साल की अगवानी में लोगों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए इसके साथ ही प्राचीन खेड़ापति मंदिर, श्री राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नव वर्ष के प्रथम दिन पर दिनभर भीड़ रही।

### भगवान के अभिषेक-शांति धारा, पूजा-अर्चना कर नए साल का किया स्वागत

नए साल 2024 की शुरुआत व स्वागत जैन समाज द्वारा जहां भगवान की भक्ति अर्थात पूजा - अर्चना ,अभिषेक, शांति धारा के साथ की गई ।वहीं श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज में जय जिनेंद्र महिला मंडल ने श्री चंद्र प्रभु विधान भक्ति भाव के साथ किया। अनेक लोगों ने थर्टी फर्स्ट की पार्टी देर रात्रि तक होटल, रिसोर्ट आदि में करके वर्ष 2023 की विदाई और 2024 का स्वागत किया। आतिशबाजी और नाच गायकर भी रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के होटल ,रेस्टोरेंट एवं सड़कों पर नए साल को लेकर युवा वर्ग में एक अलग ही जोश-उत्साह था। हालांकि पुलिस की सख्ती और नए नियमों के कारण ज्यादा धूम धड़ाका नहीं हुआ। दूसरी तरफ सोमवार को मंदिरों में नया साल का स्वागत परंपरागत तरीके से किया गया। सोमवार 1 जनवरी नए साल के पहले दिन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, शांति धारा सहित जय घोष की गूंज सुनाई दी ।नगर के अन्य विभिन्न मंदिरों में नए साल पर विशेष धार्मिक आयोजन सनातन धर्म के लोगों द्वारा भी किए गए। बदलते दौर में लोग अंग्रेजी नए साल का स्वागत भी पारंपरिक और धार्मिक तरीके से करने में ज्यादा रुचि लेते हुए नजर आए। नगर के श्री गणेश मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, शंकर मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर आदि में विशेष श्रृंगार भी किया गया। वहीं दुग्ध अभिषेक भी किया, सूजी के हलवे का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# मंदिर में कुर्सियां देने पर डूंगरवाल का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के गंज मौहल्ले में स्थित श्री महावीर श्वेतांबर जैन मंदिर में चांदी के शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा एवं नवपद के गट्टा जी भेंट करने वाले दिवंगत कल्याणमल श्रीश्रीमाल के सुपुत्र राजेंद्र कुमार, उमेश कुमार श्रीश्रीमाल परिवार एवं नगीनचंद रौनक डूंगरवाल परिवार द्वारा स्टील की कुर्सियां व घड़ी दान में देने पर श्रीसंघ द्वारा गंज मंदिर में स्वागत कर सम्मान किया गया।

गंज मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नगीनचंद वोहरा एवं श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा आदि द्वारा दोनों परिवारों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। श्रीश्रीमाल परिवार द्वारा गंज मन्दिर जी मे भगवान शांतिनाथ की चांदी की प्रतिमा एवं नवपद जी के



गट्टा भेंट किये गये थे। गंज मन्दिर ट्रस्ट एवं श्रीसंघ की ओर से राजेंद्र व उमेश श्रीश्रीमाल का आभार व्यक्त करते हुए बहुमान किया गया। साथ ही नगीनचंद रौनक कुमार डूंगरवाल परिवार द्वारा गंज मन्दिर जी उपासरे के लिए स्टील कुर्सी के चार सेट और एक दीवार घड़ी भेंट की गई। इस अवसर पर श्री डूंगरवाल का भी बहुमान किया गया। इस अवसर पर श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा,गंज मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नगीनचंद वोहरा, सुरेश धाडीवाल,नगीन सिंगी, प्रताप चतरमुथा, विपिन बनवट, उमेश सुराणा, प्रदीप धाडीवाल आदि उपस्थित थे।

# शब्द की समर्थता हर घर में शांति ला सकती है: गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 जनवरी से 7 जनवरी के मध्य होने वाली कथा की शुरूआत हो गई। मालवा माटी के संत गोविंद जाने के मुखर बिंदु से इस वर्ष श्री राम कथा सुनाई जा रही।

श्रद्धालुओं काफी संख्या में श्रवण करने के लिए पहुंचे वही इस वर्ष महादेव महिला मंडल का इस वर्ष विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। वही लगभग 15 दिनों से गोविंद जाने सेवा समिति पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं में जुटी हुई थी। हर इस वर्ष भी पहले ही दिन में हजारों की संख्या में श्रद्धालू जमावड़ा श्रवण के लिए पहुंचे। इस वर्ष गुरुदेव ने श्री राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री राम कथा पर प्रकाश डाला। श्री संत ने कहा है कि यह भारत भूमि है यहां पर दुष्टों और अत्याचारों की परीक्षा नहीं होती यहां



सत्कर्म और संतों की परीक्षा होती है जिनके ईमान चरित्र प्रार्थना और गुरु बलवान होता है एक दिन किसी ने किसी रूप में उनसे मिलने स्वयं भगवान आते हैं।

जिस घर का मालिक रात्रि में जाग रहा होता है उसे घर में कभी चोरी नहीं हो सकती। इस प्रकार हमारे मन के चरित्र को अगर हम रघुनाथ मन से जागृत कर लेंगे तो हमारे शरीर में कभी भी दुष्कर्म दुर्गुण रूपी विचार कभी नहीं आ सकेगा। राम कथा युगो युगो से चलती आई है और युगों युगों तक चलती रहेगी। यह तो राम के चरित्र की ज्ञान रूपी गंगा है जिसको चित्र चरित्र करने से मनुष्य का जीवन सुधर जाता है। कभी-कभी हमारे परिवार की किसी व्यक्ति की वाणी भी गुरु का काम करती है। जिस प्रकार मंदोदरी के बार-बार रावण को समझाया कि जिनके नाम से पत्थर पानी पर टायर जाते हैं। उनसे टकराने में आपको फायदा नहीं है, जेब भले ही धन से खाली हो हृदय में उत्तम चरित्र विचार संस्कार की जेब कभी खाली नहीं होनी चाहिए।

हमेशा जिंदा व्यक्ति ही प्रार्थना करता है और हमारी प्रार्थना के शब्द अगर जनहित कल्याण के शब्द हो तो निश्चित ही तुलसीदास की तरह हमारे शब्द की समर्थता हर घर में शांति ला सकती है। इस अवसर पर ,गोविंद जाने में समिति के डॉ मनोज नागर, नानूराम मेवाडा, विजय खंडेलवाल,चेतन सिंह ठाकुर,चेतन वर्मा ,बंटी मेवाड़ा ,राजा मेवाड़ा , मीडिया प्रभारी जुगल पटेल, जटाल सिंह मेवाडा, धिरप पटेल, सौभाल सिंह मुलगी, बलबहादुर भगत जी, जितेंद्र सिरोठिया, शिवनारायण महादेव महिला मंडल की भगवती सोनी, संध्या बजाज, मंजू राठौर, विनीता महेश्वरी, सेज वाला शर्मा, टीना पांचाल बिंदू सोनी सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की संघ कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। स्थानीय संघ कार्यालय पर हुई बैठक का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती जी व युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। बैठक में जिला संगठन मंत्री विवेकानंद जी वा जिला सयोजक शुभम व्यास ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की आष्टा नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें नगर अध्यक्ष देवेंद्र बागवान, नगर मंत्री रजत सोनी, नगर सह मंत्री प्रिंस कुशवाह, आयुषी जैन,नरेंद्र जाट, निखिल मालवीय, विशाल धाकड़,महाविद्यालय प्रमुख राहुल जाट, सह प्रमुख सुमित बगाना, विद्यालय प्रमुख अंश राठौर सह प्रमुख मोहित शर्मा,एसएफडी प्रमुख भरत सोनी,सह प्रमुख सोनू मालवीय,एसएफडी प्रमुख प्रियांश सोनी, सह प्रमुख मनोयन बोहरा, खेलो भारत नगर प्रमुख मोहित सोनी, सह प्रमुख अतुल जैन कलामंच प्रमुख सार्थक सह प्रमुख मन साहू ,ई एक्टिविटी प्रमुख कृष्णा राठौर,सह प्रमुख रुद्र कुशवाह नगर कृषि आयाम प्रमुख नवीन सेन सदस्य भूपेंद्र परमार ,प्रशांत परमार,नरेन्द्र ठाकुर बनाये गये। नवीन कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों को अंकुश सोनी पूर्व भाग संयोजक, अखिलेश राजपूत, मनीष प्रजापति, विकाश डाबी, दीपक जैन आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### मानस सम्मेलन में संतों का किया स्वागत



**आष्टा।** स्थानीय मानस भवन मे आयोजित सात दिवसीय मानस सम्मलेन के दौरान व्यासपीठ पर विराजित विदुषी वर्षा नागर का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने होने साथियो सहित पहुंचकर उनका स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, पार्षद रवि शर्मा, सत्यनारायण कामरिया, वैभव मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# भाजपा की कार्यकर्ता ही पूंजी: गोपाल इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विकासखंड के ग्राम अमरपुरा से प्रारम्भ विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामों के विकास कार्यों और योजनाओं से लाभांवित पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया जा रहा है आमला जोड़ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया तत पश्चात ग्राम अमरपुरा में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत कार्यकर्ताओ की जीत है और जो विकास कार्य हो रहे है। उनमें सबसे बड़ा फायदा हर ग्राम के निवासी को हो रहा है जननी सुरक्षा योजना हो या लाड़ली लक्ष्मी योजना बुजुर्गो को तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिलाया या कन्यादान योजना से बेटियो के विवाह करवाए गए अनेकों योजनाओं और विकास कार्यों पर काम करना ही भाजपा की सरकार का संकल्पित प्रयास रहा है अभी अयोध्या नगरी में भगवान राम जी का भव्य मन्दिर बन रहा है धारा 370 हो या अन्य कोई काम हो भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही संभव है भारतीय जनता पार्टी की नीति रीति से प्रभावित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कोक सिंह सरपंच गाजना अपने साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा भाजपा की पटिक पहनाकर उनको भारतीय जनता पार्टी परिवार की सदस्यता ग्रहण करवाई।

ग्राम गाजना उरली में इंडियन क्रिकेट टूर्नामेंट के संपन अवसर पर पहुंचे इसके बाद ग्राम कुर्ली और लाखिया मे ग्रामिणो को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित कार्यकर्त्ता बंधु, युवा साथी, मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में कार्यकर्ता राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का देंगे निमंत्रण

# हर घर पहुंचेगा अयोध्या से आया निमंत्रण: लखन सिंह ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अयोध्या से आए पीले चावल के अक्षत कलश उन कलशो को क्रमशः प्रांत प्रांत से विभाग, विभाग से जिला, जिला से प्रखंड, प्रखंड से खंड, और खंड से प्रत्येक गांव में अक्षत कलश पहुंच चुके हैं !अब 1 जनवरी से हर घर निमंत्रण पहुंचे ऐसी योजना विश्व हिंदू परिषद कें नेतृत्व में की गई है, जिसकी शुरुआत जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला मंत्री मंगलेश, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर एवं प्रखंड अध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर विहिप मालवा भारत प्रांत से पधारे धर्म प्रसार के जिला परियोजना प्रमुख प्रतीक भावसार,प्रखंड सुरक्षा प्रमुख अर्जुन सिंह खेड़ी,बलवान सिंह प्रखंड उपाध्यक्ष की उपस्थिति में देववांचल धाम देव बडला में भगवान बिल्वेश्वर महादेव को जावर प्रखंड का प्रथम निमंत्रण दिया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने हर घर अक्षत पहुंचे सभी बजरंगी इस कार्य में जुट जाएं और 1 जनवरी से 15 जनवरी तक सभी लोगों को निमंत्रण



मिले ऐसा अनुरोध किया है। जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर ने सभी सनातनी हिंदू भाइयों से निवेदन किया कि, इसमें किसी भी प्रकार की राजनीति ना हो और सभी दल, पार्टी, मंडल, जाती वर्ग के लोग इस कार्य को ऐसे करें, जैसे हमारे ही घर आयोजन हो सभी मंदिरों में साज सज्जा हो ,मंदिरों की सफाई हो, हर घर दीपक जले, और इस प्रकार वातावरण निर्मित हो, जैसे हम दीपावली पर करते हैं। जो सतत 15 दिन तक चलती रहेगी। 16 जनवरी से अयोध्या में जो भगवान के जन्म स्थान पर बाल विग्रह के रूप में भगवान अपने जन्म स्थान पर विराजमान होंगे और 22 तारीख तक चलने वाले उसे महा अनुष्ठान को अपने गांव में भी इस प्रकार करें जैसे अयोध्या में हो रहा है , हमारा गांव ही हमारे लिए अयोध्या हो ऐसा वातावरण निर्मित हो।

इस महा अभियान की शुरुआत 1 जनवरी से जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में की गई । 1 जनवरी को प्रखंड अध्यक्ष एवं इस अभियान के संयोजक लाखन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में जावर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें जावर प्रखंड संयोजक यशवंत सिंह ठाकुर ,प्रखंड मंत्री हरेंद्र सिंह ठाकुर और इंदौर से पधारे विहिप धर्म प्रसार जिला परियोजना प्रमुख प्रतीक भावसार, जावर नगर सत्संग प्रमुख भूपेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक प्रजापति, महेंद्र भगवान की उपस्थिति मे इस कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया ,इस पूरे अभियान का तेहसिल स्तर संयोजन कर रहे लखन सिंह ने बताया की 01 जनवरी से 22 जनवरी तक घर घर चावल वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है।

### विस्थापितों को मिल रहे कम मुआवजे को लेकर किसान संगठनों की हुई बैठक

# सुठालिया पार्वती परियोजना में विस्थापितों का आरोप, प्रशासन अपना रहा है दोहरा मापदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सुठालिया पार्वती सिंचाई परियोजना से प्रभावित विकास खंड ब्यावरा के 5 गांव और पास ही गुना जिले के दो गांव डूब में आ रहे हैं। जिसमें 3400 हेक्टर भूमि डूब में आर ही है, जो कि 1500 से अधिक ग्रामीण परिवार का विस्थापन किया जाना है। जिस पर शासन प्रशासन का किसानों के हित लाभ में रवैया सकारात्मक नहीं दिखाई दे रहा है। बार-बार किसानों द्वारा मुआवजे की राशि को लेकर शासन प्रशासन को ज्ञापन आवेदन के माध्यम से निवेदन किया जाता रहा है फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




### मोहनपुरा में विस्थापितों से भी कम दिया जा रहा है मुआवजा

किसानों का कहना है कि राजगढ़ जिले में ही विगत 5 वर्ष पूर्व मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के प्रभावितों को मुआवजा राशि ढाई लाख रुपया बीघा के मान से दिया गया था। वह क्षेत्र भी पत्थरीला था, जबकि सुठालिया- पार्वती की परियोजना पार्वती नदी में है और यहां की भूमि भी उपजाऊ है। जिसका मुआवजा बहुत ही कम दिया जा रहा है। पीड़ित किसानों ने मांग की है कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 का पूर्ण रूप से पालन करते हुए, इस भूमि के बाजार मूल का निर्धारण अधिनियम की धारा 26 के अंतर्गत सहानुभूति पूर्वक किया जाए।

### घोघरा घाट पर किसान संगठनों की हुई बैठक

रविवार को किसान समस्या एवं सुझाव के लिए घोघरा घाट पर विशेष बैठक रखी गई थी। जिसमें प्रांतीय महासचिव अखिल भारतीय किसान सभा के भोपाल पदाधिकारी एवं प्रदेश लोधी क्रांति सेना के पदाधिकारी व आरटीआई लीगल एक्टिविस्ट जोनल हेड मध्य प्रदेश जयपाल सिंह खींची हुई भी शामिल रहे। यहां समस्त प्रभावित किसानो की जमीन एवं मकान प्रभावित विस्थापन से संबंधित किसान परिवार की समस्या एवं सुझाव पर विशेष चर्चाएं हुई। मांग एवं निराकरण के लिए शासन प्रशासन से समस्या को हल करने के लिए मांग की गई व जाएगी। यदि किसानों की इन वास्तविक मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो आंदोलन की तैयारी में किसान तैयार है।

### बड़ी संख्या में उपस्थित रहे किसान

बैठक जिसमें सभी किसानों ने बड़ी संख्या में उपस्थित थे। एवं अपनी-अपनी समस्याएं सुझाव रखने के लिए विशेष तौर रविवार बैठक में समस्त किसान बन्धु एवं प्रांतीय महासचिव अखिल भारतीय किसान सभा मध्य प्रदेश भोपाल प्रहलाद दास बैरागी एवं प्रदेश लोधी क्रांति सेना प्रदेश अध्यक्ष निरपत सिंह लोधी, लीगल एक्टीबिट जोनल हेड मध्यप्रदेश जयपाल सिंह खींची टोडी नारायण सिंह चैहान जिला अध्यक्ष किसान यूनियन की उपस्थिति में की गई। जिसमें समस्त क्षेत्री किसनों ने हिस्सा लिया।

**इनका कहना है...**

शासन की गाइड लाइन के हिसाब से ही किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है। यदि भविष्य में मुआवजे की राशि शासन द्वारा बढ़ाई जावेगी तो उसका लाभ भी किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

जेके ठाकुर, कार्यपालन यंत्री
सुठालिया पार्वती सिंचाई परियोजना

## बाइक और अज्ञात वाहन की आमने-सामने हुई भिड़ंत

### बाइक चालक की मौके पर मौत, अज्ञात वाहन चालक हुआ मौके से फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बोड़ा थाना क्षेत्र स्थित बकानी में बकानी रोड पर सोमवार को दोपहर 1 बजे बाइक और अज्ञात चार पहिया वाहन की आमने सामने भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक चालक योगेश ऊर्फ छोटू रोड़ सिंह जाटव (उम्र- 30) निवासी ब्यावरा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार पत्नी पिंकी जाटव घायल हो गईं। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक एक्सिडेंट कर फरार हो गया। आसपास मौजुद लोगों ने डायल 100 को फोन कर सूचना दी। जिसके बाद मौके पर बोड़ा पुलिस वा डायल 100 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा ले जाया गया। फिलहाल मृतक योगेश जाटव के शव का पोस्ट मॉडम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घायल पत्नी पिंकी जाटव का इलाज जारी है।

### बोड़ा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी

मृतक की पत्नि पिंकी जाटव ने बताया की हम दोनों पति पत्नी बोड़ा से कुरावर जा रहे थे। और एक सामने से चार पहिया वाहन सामने से आ रहा था। बकानी में आमने सामने से भिंडत हों गई। जिसमें बाइक चालक योगेश ऊर्फ छोटू जाटव (निवासी ब्यावरा) की मौके पर मौत हो गई।

**इनका कहना है**

बोड़ा और बकानी के बीच एक्सिडेंट हुआ। जिसमें बाइक चालक योगेश जाटव की मौके पर मौत हो गई है । पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मृतक के शव का पोस्ट मॉडम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात चार पहिया वाहन की तलाश जारी है।

रामकुमार रामभगत,
थाना प्रभारी बोड़ा

## सिंचाई के लिए निर्धारित 10 घंटे और अटल ज्योति 24 घंटे निरंतर चलना चाहिए : मंत्री टेटवाल

### रानी रूपमती व लीमाचौहान ग्रीड पर एक-एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश

**सारंगपुर।** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने विद्युत अधिकारियों को अनुविभागीय कार्यालय सारंगपुर में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सारंगपुर विधानसभा जिले के चारों उपमहाप्रबंधक के क्षेत्र से घिरी होने से कार्य में कठिनाई आ रही है। क्षेत्र में वर्षों पुरानी लाइन एवं पोल खड़े हैं जो खराब हो चुके हैं, उन्हें तुरंत बदल जाए। निर्माण एजेंसी को भी निर्देशित किया जाए की तुरंत कार्य प्रारंभ करें एवं गुणवत्तापूर्ण कारण होना चाहिए।



उन्होंने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियो एवं पार्टी पदाधिकारीयो से भी कहा कि इन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें ताकि कार्य ठीक हो सके।शीघ्र ही भाटखेड़ी सब स्टेशन का भी भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसी प्रकार जोगीपुरा में भी स्टेशन के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक निर्मल जैन ने कहा की यात्रा के पड़ाव पर विद्युत विभाग के भी अधिकारी उपस्थित रहे, ताकि समस्या का मौके पर निदान हो सके, जो ट्रांसफार्मर वसूली के अभाव में बंद पड़े हैं उन पर 10 प्रतिशत राशि जमा कर उन्हें चालू किया जाए। लाइन स्टाफ द्वारा दुर्भावनावस कार्यवाही ना हो। इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में मंडल अध्यक्ष सडावता घनश्याम नागर सतीश बेस गुलावता, विकास दीक्षित पचोर, पंकज पालीवाल सारंगपुर, जिला मंत्री जगदीश नागर, कैलाश नागर , संयोजक मोहन गुप्ता सहित विद्युत विभाग के महाप्रबंधक सुधीर शर्मा प्रबंधक ब्यावरा सुरेश कुमार, राजगढ़ एवं जीरापुर के उपमहाप्रबंधक तथा सभी अस्सिटेंट इंजीनियर तथा जूनियर इंजीनियर उपस्थित रहे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी संजय उपाध्याय एवं तहसीलदार मनोज शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**यात्रियों को नहीं मिल रही खड़े होने की भी जगह, कार्रवाई की दरकार**

## अतिक्रमणकारियों की चपेट में आता जा रहा कुरावर का बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

राजगढ़ जिले में सभी नगरीय क्षेत्रों में जहां सुव्यवस्थित बस स्टैंड की सुविधा है। वहीं नरसिंहगढ़ तहसील के कुरावर नगर में सुव्यवस्थित बस स्टैंड का अभाव है।

गौरतलब है की वर्ष 2017-18 में केंद्र सरकार द्वारा नगर के बस स्टैंड पर बीचों-बीच ओवर ब्रिज का निर्माण करने के पश्चात बस स्टैंड के दोनों तरफ लगभग 9-9 फीट के सर्विस रोड बना दिए गए हैं । उसके पहले नगर बस स्टैंड पर प्रतीक्षालय सुलभ शौचालय भी बना हुआ था जिसे प्रशासन ने क्षतिग्रस्त कर पर्याप्त जगह हो इस उद्देश्य से उसे तोड़ा गया था। परंतु कोरोना काल के 2020-21 वर्ष में अतिक्रमणकारियों ने राजस्व



रिकॉर्ड अनुसार कुरावर एवं लसूल्या रामनाथ की काकड़ पर अवेध रूप से पक्के एवं फेब्रिकेशन की दुकानों का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया है जिसके परिणाम स्वरुप जहां यात्री बसें खड़ी होती है वहां पर नगर परिषद द्वारा सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया है। उसके बाद वह मुश्किल यहां पर दो यात्री बसें ही खड़ी हो सकते हैं उक्त बस स्टैंड पर से राजस्थान, इंदौर ,भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, नरसिंहगढ़, राजगढ़, बोड़ा, पचोर, तलेन,सिहोर, शुजालपुर, शाजापुर, कालापीपल एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र की ओर जाने वाली यात्री बसों का आवागमन 24 घंटे निरंतर जारी रहता है लगभग हजारों यात्रियों को आना-जाना निरंतर लगा रहता है लेकिन सर्विस रोड पर ही यात्री बसों को खड़ा होना पड़ता है। जिसके परिणाम स्वरूप अन्य वाहनों को वहां से गुजरने के लिए भी मुश्किल का सामना करना पड़ता है दिन में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन जाती है ऐसी स्थिति में प्रशासन को चाहिए कि वह नगर को सुव्यवस्थित बस स्टैंड बनाकर यात्री बस एवं यात्रियों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलवाये।

**नोटिस दिए हैं...**

हमने बस स्टैंड पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए हैं। आगे भी दिए अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

संदीप पाटीदार, प्रभारी निर्माण
अनुमति शाखा नप कुरावर

## वाहन चालकों ने सारंगपुर से निकलने वाले नेशनल हाईवे पर किया चक्काजाम

### पुलिस की समझाइश के बाद घंटे भर बाद खोला जाम, बैठे धरने पर




**सारंगपुर।** लगातार हो रही दुर्घटना को लेकर वाहन चालकों के विरोध में कानून बनाया गया। इससे सभी वाहन चालक नाराज हैं। कानून में कई प्रकार की त्रुटियां एवं पारदर्शिता का बड़ा अभाव होने के कारण देश भर के ड्राईवर भयवित हैं इसको लेकर नए वर्ष सोमवार से सभी वाहन चालक हड़ताल पर हैं इसी को लेकर सारंगपुर ड्राईवर यूनियन के नेतृत्व में ड्राइवरों ने नैशनल हाईवे पर किया चक्का जाम,लगभग 1 घंटे लगाया चक्का जाम के दौरान हाईवे पर सैकड़ो वाहन जाम में खड़े रहें घंटे भर बाद पुलिस ने समझाइश देकर जाम खुलवाया। वहीं ड्राइवरों ने तहसील परिसर के सामने मंच लगाकर हड़ताल जारी रखी।

## पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




गांव बेहरावल के एक पत्रकार से गांव के पवन पिता गिरधारी लाल पाटीदार ने अभद्रता से बात की और गलत व्यवहार किया। अभद्रता करने वाले के खिलाफ कालापीपल थाने में मामला पंजीकृत कराया गया है। मामला 1 जनवरी की शाम करीब 9 बजे का है, जब पत्रकार कैलाश नांदोड़ा सुभाष चौक स्थित अपनी दुकान पर बैठे थे। जब अचानक पवन पिता गिरधारी लाल पाटीदार दुकान में आया और अभद्रता से बात की। पवन ने बिना बात कहे सीधे पत्रकार से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पत्रकार ने उससे पूछा कि भैया क्या हुआ तो वो बात सुनने को तैयार ही नहीं था। मामले में कालापीपल पुलिस ने पत्रकार की तहरीर पर नाम के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में आक्रोशित पत्रकारों ने थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कालापीपल टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि पत्रकार कैलाश नांदोड़ा के साथ हुए अभद्रता व्यवहार के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है।

## प्रखंड नरसिंहगढ़ सहित सभी ग्राम समितियों में आमंत्रण का श्री गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमित अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर के चित्र को घर घर संपर्क करने हेतु रामभक्तों की टोलियां नगर सहित सभी ग्राम समितियां में निकली है। रामलला मंदिर झाली आश्रम मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों के महंत पुरोहित आचार्य जनों के आमंत्रण के श्री गणेश के साथ शुरुआत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र नरसिंहगढ़ अभियान प्रभारी उदय मीणा ने बताया कि समाज के प्रत्येक हिंदू परिवार तक अयोध्या से आए पूज्य अक्षत पीले चावल आमंत्रण साथ में राम जी का मंदिर का चित्र स्टीकर पत्र प्रत्येक सनातनी हिंदू परिवर्तन पहुंच रहे साथ में समाज से



निवेदन भी कर रहे हैं। 22 तारीख को हमारा मोहल्ला हमारा गांव हमारा नगर ही अयोध्या है और हमारा प्रत्येक मंदिर राम जी का मंदिर है भगवान राम जब 14 वर्ष का वनवास पूर्ण करके आए थे तो समाज ने दीपावली मनाई तभी से हमारे पूर्वज दीपावली मनाते आ रहे हैं। अभी तो लगभग 495 वर्ष का संघर्ष से 77 युद्ध हुए 5 लाख हमारे पूर्वजों का बलिदान के बाद यह स्वर्णिम यह ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बने हिंदू समाज 22 जनवरी को एक भव्य दीपावली मनाएं साथी इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग कराएं।

### रात्रि में दो दानपेटियों के ताले तोड़कर निकाली दानराशि

**सीसीटीवी से पड़ताल में लगी पुलिस, चार ने मिलकर की वारदात**

## चोरों के निशाने पर मंदिर, अब खोयरी महादेव की दानपेटियां तोड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीते कुछ महीनों से मुख्यालय के मंदिरों को चोर लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। चोरों ने इस बार नगर के प्राचीन खोयरी महादेव मंदिर में वारदात को अंजाम दिया है। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात्रि चोर मंदिर परिसर एवं गर्भगृह में रखी 2 दानपेटियों के ताले तोड़कर दानराशि सहित अन्य कुछ सामान चुरा ले गए। सुबह मंदिर के चौकीदार ने चोरी की सूचना पुजारी उमेष शर्मा के घर पहुंचकर दी। बाद में पुजारी सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी किस्सू कोसरवाल, मुकेश विजयवर्गीय व अन्य कोतवाली थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। सूचना के बाद पुलिस मंदिर पहुंचकर आवष्यक कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ साल पूर्व भी खोयरी महादेव मंदिर परिसर स्थित सामुदायिक भवन में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था।

### पेटी को पानी की टंकी के पीछे ले जाकर चटकाया ताला

खोयरी महादेव मंदिर के गर्भगृह के आगे हॉल में एक बड़ी दानपेटी पिलर के पास रखी थी। चोर इस पेटी को हाथों से



खसकाते हुए मंदिर के पीछे बनी पानी की टंकी के यहां ले गए और ताले तोड़कर पूरा चढ़ावा निकाल लिया। चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में रखी एक अन्य दानपेटी को भी अपने साथ ले गए और थोड़ा आगे पहाड़ी पर उस पेटी का का ताला तोड़कर रुपए-पैसे निकालकर पेटी वहीं फेंक गए। बाद में पुलिस की खोजबीन में टूटे ताले समेत यह पेटी वहां पड़ी हुई मिली।

### डेढ़ वर्ष पूर्व 14 पंखे हुए थे चोरी

खोयरी मंदिर परिसर में ही एक सामुदायिक हॉल है जहां विभिन्न कार्यक्रम आदि होते हैं। करीब डेढ़ साल पहले इस हॉल की छत पर लगे 14 पंखों को चोर निकालकर ले गए थे। चोरों ने बाकायदा पंखों के नटबोल्ट खोलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस चोरी का भी आज तक पता नहीं चल पाया है।

### सीसीटीवी में नजर आ रहे चोर लोग

मंदिर परिसर में लगे हुए सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू की है। सीसीटीवी में रात्रि करीब 12 बजे तीन, चार चोर नजर आ रहे हैं। पिलर के समीप रखी दापेटी के समीप उनकी परछाई भी नजर आई पर चेहरे स्पष्ट नहीं हो पा रहे हैं।

**सीसीटीवी से सुराग लगे हैं**

सीसीटीवी से कुछ सुराग लगे हैं। चौकीदार से भी पूछताछ कर रहे हैं। जल्द चोरी का पता चल जाएगा।

- वीरसिंह ठाकुर, टीआई कोतवाली, राजगढ़

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण के लिए घर-घर पहुंचकर बांटे अक्षत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण के लिए सोमवार को अक्षत वितरण का प्रारंभ किया गया। जिसमें सबसे पहले पूज्य संतों के द्वारा पीपल चैराहा ब्यावरा स्थित काली माता मंदिर पर पूजा-अर्चना की गई और शहर में संत यात्रा निकालकर आमंत्रण स्वरुप अक्षत वितरण किए गए।

संत यात्रा शहर के पुरानी मंडी, साहू धर्मशाला, पिंजारा गली, धानमंडी, चूड़ी गली, सुठालिया रोड़, मैन मार्केट, सुभाष चैक, आर्यसमाज चैक, एसडीएम निवासी, इंदौर नाका, मातृछाया, भंवरगंज, राजगढ़ रोड़, पीपल चैराहा, चमारी और ग्राम चाठा में निकाली गई,जिसमें घर-घर पहुंचकर आमंत्रण के रुप में अक्षत वितरित किए गए। यात्रा में मौजूद लोगों का घर-घर उत्साह पूर्वक सत्कार किया गया। 1 से 15 जनवरी के बीच प्रत्येक हिन्दू परिवार तक अयोध्या से पहुंचे पीले अक्षत वितरित किए जाएंगे। वहीं संत समाज गांव-गांव पहुंचकर 22 जनवरी के आयोजन को लेकर जागरण कर रहे है, जिसमें 500 सालों में सबसे बड़ी दीपावली बताते हुए घर-घर राम ज्योति जलाने का आव्हान किया जा रहा है। इस अवसर पर संत रघुनाथदास, सतीश नागर, द्वारिकाप्रसाद, बालसंत कामश कृष्ण, लोकेश त्रिवेदी, दुर्गाशंकर शास्त्री, कथा प्रवक्ता आशा दीदी, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।